दिन– सोमवार दिनांक– 29/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की।

02. सर्वोच्च न्यायालय अपनी पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज से विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित कर रहा है।

03. दिल्ली के राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने की घटना में औरंगाबाद की तान्या सोनी की मौत।

04. और, पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत के मामले में पटना के फुलवारीशरीफ थानाध्यक्ष सफीर आलम समेत छह पुलिस कर्मी निलंबित।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। श्री मोदी ने सभी को अपने–अपने राज्यों में शासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक बढ़ाने के लिए संदेश देने पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजनाएं बहुत सावधानी से बनाई जाती हैं और राज्यों में इनके कार्यान्वयन में छेड़छाड़ से बचना चाहिए। बैठक के बाद पार्टी के नेता विनय सहस्रबुद्धे ने कहा कि श्री मोदी ने भाजपा शासित राज्यों में चल रही कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक विस्तार सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने विकास कार्यक्रमों और अन्य प्रयासों में जनभागीदारी पर अधिक जोर देकर देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के प्रयास करने को भी कहा।

---

सर्वोच्च न्यायालय अपनी पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज से विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य न्यायालय के समक्ष लंबित पडे मामलों को निपटाना है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई चंद्रचूड़ ने लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पहल विवादों को स्वेच्छा और परस्पर सहमति से निपटाने का अवसर है।

———बाईट———

---

दिल्ली के राजेन्द्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने की घटना में औरंगाबाद की तान्या सोनी की मौत हो गयी। तान्या यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इस हादसे में तीन छात्रों की मौत हुयी है। इस बीच, दिल्ली नगर निगम ने राष्ट्रीय राजधानी के पुराने राजेन्द्र नगर इलाके में सिविल सर्विसेज कोचिंग के तेरह संस्थानों के बेसमेंट को सील कर दिया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बेसमेंट में चल रहे तीन कोचिंग सेंटर बंद कर दिये गये हैं और सरकार ने जांच के आदेश दिये हैं। इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नालो की सफाई कराने की अपील नजरअंदाज किये जाने के आरोप चिंताजनक हैं। आयोग ने इस मामले की सुनवाई दो अगस्त को करने का फैसला किया है।

---

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी — एनटीए ने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा —सीयूईटी यूजी दो हजार चौबीस के परिणामों की घोषणा कर दी है। परीक्षा में चौदह लाख निन्यानवे हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। बिहार से चौरासी हजार नौ सौ निन्यानवे अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इस परिणाम के आधार पर लगभग दो सौ पचास विश्वविद्यालयों के डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थियों को और जानकारी के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के संपर्क में रहने को कहा गया है।

---

प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पार्टी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने को कहा। बाद में डॉ. जायसवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। श्री जायसवाल आज पटना में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

---

बिहार के चार शहरों गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में मेट्रो परिचालन की संभावना का पता लगाने के लिए नगर विकास विभाग ने एक कंपनी के साथ समझौता किया है। कल पटना में इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। एजेंसी चार महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

---

रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू ने हाजीपुर और सहरसा स्थित मलबरी प्रसार सह–प्रशिक्षण केन्द्र को दस करोड़ उनासी लाख रूपये की राशि दी है। सिल्क समग्र योजना के दूसरे चरण के तहत यह राशि जारी की गयी है। इसका उद्देश्य रेशम क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण और तकनीक के जरिये नई संभावनाओं का पता लगाना है।

---

पटना के फुलवारीशरीफ थानाध्यक्ष सफीर आलम समेत छह पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि अपहरण के मामले में हिरासत में लिए गये युवक जीतेश कुमार की मौत के मामले में ये कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि बिहार मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट में दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी थी। गौरतलब है कि इकतीस मार्च को जीतेश कुमार की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी थी।

---

नवादा साइबर पुलिस की विशेष जांच टीम ने एक साइबर गिरोह के ग्यारह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक प्रिया ज्योति ने बताया कि ये सभी अपराधी एक कंपनी के नाम पर चार फीसदी ब्याज पर लोन देने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी में जुटे थे। उन्होंने बताया कि इन सभी को वारिसलीगंज के अपसढ़ गांव से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक लैपटॉप, चौंतीस मोबाइल फोन, तेरह नये सिम कार्ड, एक मोटरसाईकिल और कस्टमर डेटा शीट जब्त किये गये हैं।

---

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न मंदिरों में अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

---

मॉनसून के कमजोर पड़ जाने के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक राज्य में सामान्य से तैंतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया कि प्रदेश में निम्न दबाव का क्षेत्र नहीं बनने के कारण पिछले पंद्रह दिनों से मॉनसून की बारिश नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सरकार राज्य में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य, जिला और चिकित्सा संस्थान के स्तर पर डेंगू नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी निजी और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से डेंगू की जांच प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि डेंगू और चिकनगुनिया मरीजों के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में बेड आरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

---

पटना के दानापुर में विलुप्त प्राणी पैंगोलिन की खाल और दो बहुमूल्य सिक्कों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पटना वन प्रमंडल, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, कोलकाता और बिहार एसटीएफ की टीम ने ये गिरफ्तारी की है। तीनों के खिलाफ पटना वन प्रमंडल के पश्चिमी रेंज में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

---

मधुबनी जिले के मोकरमपुर पंचायत में स्ट्रीट लाइट योजना में अनियमितता बरतने के आरोप में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने संबंधित मुखिया और पंचायत सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और राशि वसूल करने का आदेश दिया है।

---

समस्तीपुर जिले के शाहपुर पटोरी के प्यारेपुर गांव में डायरिया से एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई है। डायरिया पीड़ित एक दर्जन से अधिक लोगों को अनुमंडलीय अस्पताल, पटोरी में भर्ती कराया गया है। इनमें तीन की हालत गंभीर है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीलाल हाई स्कूल चौराहे के पास वेल्डिंग के दौरान खाली टैंकर के फटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो वेल्डिंग मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

पूर्णियां जिले के मरंगा थाना क्षेत्र की गोआसी पंचायत स्थित आदमपुर पोखर में डूबने से एक किशोर और किशोरी की मौत हो गई। वहीं, शेखपुरा जिले के सिरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनहेसा गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो भाईयों की मौत हो गयी।

---

पटना के बिहटा में अवैध बालू खनन के मामले में पुलिस ने चौबीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुनपट्टी से अपराध की योजना बना रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के बासोपट्टी अंचलाधिकारी से दुर्व्यवहार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

अरवल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई आपराधिक मामलों में वांछित अभियुक्त राजेश पासवान को पुलिस ने उसके गांव दाऊद नगर से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मिलने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– मनु ने दी मन भर खुशी। शूटिंग में पदक लाने वाली पहली महिला।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है– स्कूलों में सबमर्सिबल बोरिंग की होगी जांच। शिक्षा विभाग ने पीएचइडी को सौंपी जिम्मेदारी, पंद्रह दिनों में मांगी रिपोर्ट।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है – रेवड़ी और अनदेखी की भीड़ चढ़ा देश का पहला सौर ऊर्जा गांव।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– भोजपुरी को आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए रवि किशन ने पेश किया निजी विधेयक।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है – सीजेआईए ने निचली अदालतों की कार्य प्रणाली पर उठाये सवाल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की।

02. सर्वोच्च न्यायालय अपनी पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज से विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित कर रहा है।

03. दिल्ली के राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने की घटना में औरंगाबाद की तान्या सोनी की मौत।

04. और, पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत के मामले में पटना के फुलवारीशरीफ थानाध्यक्ष सफीर आलम समेत छह पुलिस कर्मी निलंबित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।